(Printed Pages 4)

# UF-10918

## B.A. Private (Part-I)

## Term End Examination, 2023-24

## Paper - II

## हिन्दी साहित्य

*Time : Three Hours]* *[Maximum Marks : 75*

**नोट :** **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** 'गद्यांशों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिये- 10×3=30

(क) आखिर एक दिन उसने इन सभी चीजों को जमा किया मखमली स्लीपर, रेशमी मोजे, तरह-तरह की बेलें, फीले, पिन, कंघियाँ, आइने कोई कहाँ तक गिनाए। अच्छा खासा एक ढेर हो गया। वह ढेर को गंगा में डुबा देगी, और अब से एक नए जीवन का सूत्रपात करेगी।





(ख) समुद्र में हिलोरे उठने लगी। दोनों बन्दी आपस में टकराने लगे। पहले बन्दी ने अपने को स्वतंत्र कर लिया। दूसरे का बन्धन खोलने का प्रयास करने लगा। लहरों के धक्के एक-दूसरे को स्पर्श से पुलकित कर रहे थे। दोनों ही अंधकार से मुक्त हो गए।

(ग) मोहल्ले में सफेद पोशी और इज्जत होने पर भी चोर के लिये घर में कुछ न था। शायद एक भी साबुत कपड़ा या बर्तन ले जाने के लिये चोर को न मिलता पर चोर तो चोर है। छिनने के लिये कुछ न हो, तो भी चोर का डर तो होता ही है। वह चोर जो ठहरा।

(घ) तंग बाजारों में से गुजरते हुए वे एक दूसरे को पुरानी चीजों की याद दिला रहे थे। देख, फतहदीन, मिसरी बाजार में अब मिसरी की दूकानें पहले से कितनी कम रह गई हैं। उस नुक्कड़ पर सुक्खी भठियारिन की भट्ठी थी, जहाँ अब वह पान वाला बैठा है।

(ङ) आखिर पाँच बजते-बजते तैयारी मुकम्मल होने लगी। कुर्सियाँ, मेज, तिपाइयाँ, नेपकिन, फूल सब बरामदे में पहुँच गए। ड्रिंक का इन्तजाम बैठक में कर दिया गया। अब घर का फालतू सामान अलमारियों के पीछे और पलंगों के नीचे छिपाया जाने लगा। तभी शामनाथ के सामने सहसा एक अड़चन खड़ी हो गई- माँ का क्या होगा?

2. गबन उपन्यास के नायक का चरित्र चित्रण कीजिये। 10

**अथवा**

आकाशदीप कहानी की कथावस्तु का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।

3. प्रेमचन्द की कहानी 'पूस की रात' का सारांश लिखिये। 10

**अथवा**

'लाल पान की बेगम' कहानी की कहानी के तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिये।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिये। 5×3=15

(i) मलबे का मालिक कहानी का उद्देश्य
(ii) फणीश्वरनाथ रेणु का साहित्यिक परिचय
(iii) हल्कू का चरित्र चित्रण
(iv) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का साहित्यिक परिचय
(v) उपन्यास और कहानी में अन्तर
(vi) हिन्दी कहानी का विकास क्रम





5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 10

(i) हिन्दी उपन्यास सम्राट किसे कहते हैं?
(ii) बुद्ध गुप्त किस कहानी का पात्र है?
(iii) जालपा के माता-पिता का नाम बताइये।
(iv) मलबे के मालिक कहानी के नायक का नाम बताइये।
(v) शिवानी का जन्म कहाँ हुआ?
(vi) 'नकली हीरे' के रचनाकार का नाम बताइये।
(vii) मुंशी प्रेमचन्द्र का जन्म कब हुआ?
(viii) 'जली हुई रस्सी' कहानी के कहानीकार का नाम बताइये।
(ix) चौधरी पीरबख्श किस कहानी का पात्र है?
(x) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ संकलित हैं?
(xi) फणीश्वरनाथ रेणु के आंचलिक उपन्यास का नाम बताइये।
(xii) नेपथ्यवासी किसे कहते हैं?
(xiii) उसने कहा था कहानी के कहानीकार का नाम बताइये।
(xiv) मोहन राकेश के किसी एक नाटक का नाम लिखिये।